# संस्था

# का

# वार्षिक

# प्रतिवेदन

# महाकौशल विकास समिति

पं. क्रं. 1045, दिनांक – 30 मार्च 2002
फेस–2 डीडवानिया रेसीडेन्सी के पास, सेंचुरी कालोनी, विनायका विहार डी.डी. नगर रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9826175100, 9424200004 E-mail - mvsraipur@yahoo.in

## वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017–2018

### 01. आँगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र :–

संस्था द्वारा वर्ष 2017–18 में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र एकता नगर कांकेर में मूलभूत प्रशिक्षण अंतर्गत लक्ष्य 06 बैचों में कुल 02 बैचों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसके अंतर्गत कुल 48 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 18 बैचों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कुल 451 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।







| स. क. | प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण | | मूलभूत प्रशिक्षण | | प्राप्त आबंटन 2017–18 | शेष राशि 2016–17 | योग | व्यय राशि | शेष राशि 2017–18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बैच | प्रतिभागी | बैच | प्रतिभागी | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 18 | 451 | 02 | 48 | 2000000 | 1617853 | 3617853 | 2414458 | 1203395 |





# आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र

| क. | प्रशिक्षण का नाम | अवधि | उपस्थित प्रतिभागी | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रत्यस्मरण | 20/04/2017 से 30/04/2017 | 25/40 | अतिथि शिक्षक– श्रीमति संगीता शर्मा (क्राफ्ट टीचर), श्रीमति प्रमिला जैन |
| 2 | प्रत्यस्मरण | 04/05/2017 से 10/05/2017 | 31/40 | |
| 3 | प्रत्यस्मरण | 15/05/2017 से 21/05/2017 | 22/40 | |
| 4 | प्रत्यस्मरण | 01/06/2017 से 07/06/2017 | 16/40 | |
| 5 | प्रत्यस्मरण | 19/06/2017 से 25/06/2017 | 08/40 | |
| 6 | मूलभूत प्रशि. | 27/06/2017 से 28/07/2017 | 21/35 | |
| 7 | प्रत्यस्मरण | 31/07/2017 से 06/08/2017 | 15/40 | |
| 8 | प्रत्यस्मरण | 10/08/2017 से 16/08/2017 | 20/40 | |
| 9 | प्रत्यस्मरण | 28/08/2017 से 03/09/2017 | 39/40 | |
| 10 | प्रत्यस्मरण | 07/09/2017 से 13/09/2017 | 28/40 | |
| 11 | प्रत्यस्मरण | 18/09/2017 से 24/09/2017 | 09/40 | |
| 12 | प्रत्यस्मरण | 05/10/2017 से 11/10/2017 | 34/40 | |
| 13 | प्रत्यस्मरण | 25/10/2017 से 31/10/2017 | 27/40 | |
| 14 | प्रत्यस्मरण | 07/11/2017 से 13/11/2017 | 25/40 | |
| 15 | प्रत्यस्मरण | 27/11/2017 से 03/12/2017 | 08/40 | |
| 16 | प्रत्यस्मरण | 08/12/2017 से 14/12/2017 | 37/35 | |
| 17 | प्रत्यस्मरण | 20/12/2017 से 26/12/2017 | 27/40 | |
| 18 | प्रत्यस्मरण | 03/01/2018 से 09/01/2018 | 40/40 | |
| 19 | प्रत्यस्मरण | 16/01/2018 से 22/01/2018 | 27/40 | |
| 20 | मूलभूत प्रशि. | 26/02/2018 से 29/03/2018 | 27/40 | |











## 02. जलग्रहण अंतिम मूल्यांकन कार्य :–

वर्ष 2017–18 में संस्था को छ.ग.राज्य जलग्रहण प्रबंधन एजेंसी, रायपुर द्वारा महासमुंद जिले में संचालित परियोजना IWDP परियोजनाओं के अंतिम मूल्यांकन हेतु मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किया गया था। जिसके परिपालन में संस्था में कार्यरत कुशल व अनुभवी मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा संबंधित परियोजना के अधिकारी/कर्मचारियों से संपर्क कर क्षेत्र भ्रमण के पश्चात् दस्तावेज एकत्रित कर मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार कर प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को प्रेषित किया गया।





### संपादित मूल्याकंन कार्य :–

| क. | जिले के नाम | विकासखण्ड का नाम | परियोजना का नाम | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महासमुंद | सरायपाली | IWDP-5 | 2017-18 |
| 2 | महासमुंद | बागबहारा | IWDP-3 | 2017-18 |

## 03. स्वच्छ भारत कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत– सीतापार विकासखण्ड – सिमगा, जिला – बलौदाबाजार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत धोधा के सरपंच श्रीमति बसंता ध्रुव जी द्वारा किया गया, कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम में स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रचार–प्रसार के माध्यम से ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। साथ ही स्वच्छता के लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में गंदगी से होने वाले घातक बीमारियों से अवगत कराते हुए ग्रामीणो को अपने आस–पास साफ सफाई रखने हेतु अपील किया गया। संस्था के सचिव श्री शंकर लाल ध्रुव के नेतृव्य में ग्राम के बड़े तालाब की सफाई कार्य का संचालन किया गया। जिसमें ग्रामीणो द्वारा सहभागिता दिखाई गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार यादव जी द्वारा हमर गांव स्वच्छ गांव, स्वस्थ्य भारत के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## 04. पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम :–

संस्था द्वारा विकासखण्ड सरायपाली जिला– महासमुंद के कई ग्रामो जैसे, जोबा, गुठानीपाली, दिवानगुड़ी, सिंगबहाल व छिबर्रा में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृव्य संस्था की **अध्यक्ष श्रीमति सुमन सिंह तोमर** व संचालन संस्था के **सचिव श्री शंकर लाल ध्रुव** द्वारा किया गया तथा सभी सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामों का भ्रमण कर पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने हेतु प्रचार–प्रसार के माध्यम से वृक्षारोपण किये जाने हेतु विशेष अपील किया गया तथा वृक्षो के लगातार कटाई से वातावरण के संतुलन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के संचालन के दौरान ग्रामवासियों को अपने बाड़ी में वृक्षारोपण करने हेतु अपील किया गया एवं वृक्षारोपण हेतु पौधा वितरण करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



वृक्षारोपण कार्यक्रम

## 05. अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन :–

संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत नवागांव, विकासखण्ड – सिमगा, जिला–बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था की **अध्यक्ष श्रीमति सुमन सिंह तोमर, सचिव श्री शंकर लाल ध्रुव** स्वसहायता समुह के 40 तथा आस–पास ग्रामों की महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष महोदय द्वारा महिलाओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे, कार्यक्रमों में सहभागीता हेतु भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सामाजिक कुरूतियों को दुर करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने हेतु अपील किया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सभी क्षेत्रो में नेतृत्व करने की क्षमता वृद्धि पर प्रकाश डाला गया।



## 06. नशा उन्मूलन कार्यक्रम :–

संघर्ष को मानव जीवन का दुसरा नाम कहा जाता है, इस संघर्ष से व्यक्ति कुदंन की तरह शुद्ध व पवित्र बन पाता है। जिन लोगो का हद्‌य कमजोर होता है या जिनका निश्चय सुदृंढ नही होता है वो संघर्ष के आगे घुटने टेक देते है वे अपनी असफलता से बचने के लिए नशे का सहारा लेते है। कुछ व्यक्ति शौक के कारण ऐसा करते है, किंतु अंत में व्यक्ति का पतन निश्चित है।

एक पतनोन्मुख व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए भी बहुत ही घातक सिद्ध होता है इसलिए समाज सुधारक तथा धार्मिक नेता समय –समय पर इस दुष्प्रवृत्तियों की निंदा करते हैं और उससें बचने की प्रेरेणा देते है इसी कड़ी में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख तथा अन्य सहयोगी सदस्यों के द्वारा जन मानस को इस विषय पर जागरूक करने तथा नशाखोरो को नशा मुक्ति हेतु प्रेरक पहल करके संबंधी कियाकलापों में भागीदार बनकर इस समाज और देश को नशा मुक्ति समाज, नशामुक्त देश की परिकल्पना को सार्थक तथा मूर्त रूप देने संबंधी पहल करने उद्‌देश्य से इस प्रकार के प्रेरक पहल हेतु संस्था द्वारा ग्राम पंचायत सीतापार विकासखण्ड –सिमगा, जिला– बलौदाबाजार में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमति बंसता ध्रुव के सहयोग से ग्रामवासियों को एकत्रित कर ग्राम भ्रमण किया गया एवं नशे के कारण होने वाले दुष्प्रभाव से लोगो को प्रचार–प्रसार के माध्यम से अवगत कराया गया। चुंकि आस–पास के क्षेत्र में नशे की संलिप्तता अधिक है इस कारण आस–पास के ग्राम – डोंगरिया, लावर, हथबंध व धोधा के ग्रामवासियों को भी आमंत्रित किया गया एवं नशाबंदी किये जाने हेतु अपील किया गया। नशे के कारण समाज में बढ़ रही कुरितियों से अवगत कराते हुए संस्था के सचिव श्री शंकर लाल ध्रुव ने अवैध शराब बिकी तथा अन्य प्रकार के नशाखोरी को जड़ से समाप्त करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने के लिए अपील किया गया।



नशा उन्मूलक पर आयोजित कार्यक्रम

## 07. बालगृह (बालक) का संचालन :–

एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत् छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति तथा संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलेक्टर की अनुशंसा तथा राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृत समिति के अनुमोदन अनुसार संस्था को जिला मुंगेली में 50 बच्चों की क्षमता का बालगृह संचालित करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। तद्नुसार समस्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुए बालगृह प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई हैं।






मानीय अतिथि महोदय जी द्वारा बालगृह का शुभारंभ



बालगृह का शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधि प्रेरक वक्तव्य देते हुए

**शविर आयोजन एवं खेल कार्यक्रम**